DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

समारोह में छात्रों को मिली उपाधियां, खिल उठे चेहरे

- दून विवि का पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित
- 398 स्नातक, 293 परास्नातक और 25 पीएचडी के छात्रों मिली उपाधियां

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

दून विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में 398 स्नातक, 293 परास्नातक और 25 पीएचडी के छात्रों को उपाधियां प्रदान की गई। इसके साथ ही विवि के 37 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। उपाधियां प्राप्त कर छात्रों के चेहरे खिल उठे।

शुक्रवार को दून विवि के डा. नित्यानंद सभागार में पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व अध्यक्ष व पद्मभूषण डा. पी बलराम ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कुलसचिव दुर्गेश डिमरी ने समारोह में अकादमिक शोभायात्रा की अगुवाई की।

छात्रों को उपाधियां प्रदान करते राज्यपाल।

विवि के दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि समारोह में वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 398 स्नातक, 293 परास्नातक और 25 पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गयी।- साथ ही, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 37 मेधावियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कुलाधिपति ने विवि के भूतपूर्व छात्र मेधा अग्रवाल को रसायन शास्त्र, नेहा रावत को स्पैनिश स्टडीज, अभिलाष नैनवाल, अधिवक्ता उच्च न्यायालय नैनीताल, पूजा सकलानी फाउंडर मोरी डिजाइन फार्म और पूजा पंवार पर्यावरण वैज्ञानिक, एटीजी ग्रुप इंग्लैंड को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डिटिंग्विड एलुमनाई ऑफ युनिवर्सिटी के तौर पर सम्मानित किया। स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्यूनिकेशन स्टडीज से सुमित शर्मा, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से ऋषभ उनियाल को प्रोफेसर गजेंद्र सिंह ऑल राउंड बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर कुलाधिपति व राज्यपाल ले.ज. (से.नि.) गुरमीत सिंह ने दीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विवि ने पिछले 15 सालों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति की है और कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने विवि को इस साल राष्ट्रीय प्रत्यायन और मूल्यांकन परिषद (नैक) बंगलुरू द्वारा शिक्षा एवं शोध की गुणवत्ता के आधार पर ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसी भी देश की प्रगति उसकी मानव संपदा पर निर्भर करती है और मानव संपदा का आधार गुणवत्ता युक्त शिक्षा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे नवाचार व नवोन्मेषी विचारों का उपयोग अपने व्याख्यानों में करें।

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षामंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि छात्र-छात्राओं के ज्ञानात्मक विकास के साथ-साथ उनके कौशल विकास पर ध्यान देना भी हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने छात्रों से डिजिटल इंडिया में सक्रिय भागीदारी करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर विभिन्न विवि के कुलपति, प्राध्यापक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। सामरोह का संचालन प्रो. एचसी पुरोहित ने किया।

Newspaper –Rastriya Sahara
Date– 28.12.2024